# कार्यालय : जिला कार्यक्रम अधिकारी, आई०सी०डी०एस०, प्रयागराज

पत्रांक /जि०का०अधि०/आ०बा०विज्ञप्ति/2024–25 दिनांक 15 अक्टूबर, 2024

## विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या-19/2023/3975/58–1– 2022–2/1(22)10टी.सी. दिनांक 21 मार्च 2023 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद प्रयागराज के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनवाड़ी कार्यकत्री के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रियां के तहत विभागीय वेब साइट https://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आंमत्रित किये जाते है। रिक्त पदों का परियोजनावार विवरण निम्नवत् है:-

| क्रमांक | परियोजना का नाम | आरक्षण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | ई०डब्लू एस | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जन जाति | कुल रिक्त पदो की संख्या |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बहादुरपुर | 10 | 3 | 3 | 6 | 22 |
| 2 | बहरिया | 6 | 2 | 4 | 6 | 18 |
| 3 | चाका | 10 | 2 | 8 | 5 | 25 |
| 4 | शहर-प्रथम | 24 | 9 | 19 | 4 | 56 |
| 5 | शहर-द्वितीय | 11 | 4 | 19 | 6 | 40 |
| 6 | धनूपुर | 5 | 2 | 2 | 2 | 11 |
| 7 | हण्डिया | 4 | 4 | 3 | 1 | 12 |
| 8 | होलागढ़ | 3 | 1 | 1 | 0 | 5 |
| 9 | जसरा | 22 | 9 | 14 | 9 | 54 |
| 10 | करछना | 11 | 1 | 3 | 0 | 15 |
| 11 | कौंधियारा | 3 | 0 | 1 | 1 | 5 |
| 12 | कौड़िहार | 11 | 4 | 4 | 3 | 22 |
| 13 | कोरांव | 10 | 2 | 2 | 3 | 17 |
| 14 | माण्डा | 2 | 1 | 4 | 2 | 9 |
| 15 | मऊआइमा | 6 | 1 | 0 | 3 | 10 |
| 16 | मेजा | 19 | 1 | 5 | 8 | 33 |
| 17 | फूलपुर | 7 | 3 | 0 | 2 | 12 |
| 18 | प्रतापपुर | 5 | 2 | 5 | 1 | 13 |
| 19 | सैदाबाद | 3 | 1 | 6 | 2 | 12 |
| 20 | शंकरगढ़ | 27 | 2 | 8 | 6 | 43 |
| 21 | सोरांव | 5 | 0 | 5 | 2 | 12 |
| 22 | उरूवा | 6 | 2 | 0 | 1 | 9 |
| | योग :- | 210 | 56 | 116 | 73 | 455 |

उपरोक्त पदों की ग्रामसभा/वार्डवार रिक्तियों एवं आरक्षण का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय वोर्ड पर चस्पा की गयी है, साथ ही विभागीय वेबसाईट https://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है।

<u>विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देश निम्नवत है :-</u>

1. चयन की समस्त कार्यवाही बाल विकास एवं पुष्टाहार अनुभाग उ०प्र० के शासनादेश संख्या-19/2023/3975/58–1–2022–2/1(22) 10 टी.सी. दिनांक 21 मार्च 2023 में वर्णित प्रक्रिया के अधीन होगी ।
2. विज्ञापित पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगी।
3. रिक्त पदों (आंगनवाड़ी कार्यकत्री) हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता इण्टरमिडिएट एवं उसके समकक्ष होगी । एक ही श्रेणी में एक से अधिक पात्र अभ्यर्थियों के उपलब्ध होने की दशा में सभी अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट बनायी जायेगी, जिसमें न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट या समकक्ष एवं अधिकतम शैक्षिक योग्यता परास्नातक के आधार पर मेरिट तैयार की जायेगी। इसके लिए कोई लिखित परीक्षा अथवा साक्षात्कार नहीं लिया जायेगा।
4. आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड/ग्रामसभा/का स्थाई निवासी होना अनिवार्य होगा। अन्य जनपद/राज्य के निवासिनी का आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।
5. आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ डेट 01 जुलाई 2024 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आयु के संबंध में हाईस्कूल अंकतालिका एवं प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि ही मान्य होगी।

Scanned with CamScanner

6. विज्ञापित पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार्य होगें। ऑफलाईन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य/स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
7. विज्ञापित पदों हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 05.11.2024 मध्य रात्रि 12.00 बजे तक होगी।
8. विज्ञापित पदों की संख्या घट-बढ़ सकती है, जोकि वेबसाइट पर प्रदर्शित रहेगी।
9. उपरोक्त विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन स्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय, प्रयागराज से किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।
10. आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद पर चयन हेतु निम्न वरीयता निर्धारित है :-

(i) उसी ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रों में) की निवासी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की विधवा महिला।

(ii) उसी ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रों में) की निवासी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की विधिक तलाकशुदा या परित्यक्ता महिला।

(iii) विधवा/तलाकशुदा/परित्यक्ता महिला के गरीबी रेखा के ऊपर जीवन यापन करने वाले परिवार का अभ्यर्थी न मिलने पर उसी ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रों में) की गरीबी रेखा के ऊपर जीवन यापन करने वाले परिवार की महिलाएं।

(iv) विधवा/तलाकशुदा/परित्यक्ता महिला के गरीबी रेखा के ऊपर जीवन यापन करने वाले परिवार का अभ्यर्थी न मिलने पर उसी ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रों में) की गरीबी रेखा के ऊपर जीवन यापन करने वाले परिवार की महिलाएं।

11. ऑगनवाड़ी कार्यकत्री का पद पूर्णतः अस्थायी एवं मानदेय पर आधारित है जिस पर उ०प्र० राज्य कर्मचारी सेवा नियमावली लागू नहीं होगी तथा शासन के निर्देशानुसार कभी भी समाप्त किये जा सकते है।
12. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि आवेदन करने के पूर्व वेबसाइट पर उपलब्ध शासनादेश एवं निर्देशों का भली-भाँति अध्ययन कर लें, जिससे किसी प्रकार की त्रुटिजनित हानि से बचा जा सके।
13. ऑनलाइन आवेदन में वेबसाइट पर भरी गयी सूचनाएँ ही चयन के लिये प्रयोग की जायेंगी। कोई भी कागजात ऑफलाइन स्वीकार नहीं किया जायेगा और न ही भविष्य में चयन हेतु विचार किया जायेगा।
14. आरक्षण- आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की नियुक्ति में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, विकलांग एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रितों तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (EWS) हेतु समय-समय पर शासन द्वारा जारी आरक्षण का अनुपालन किया जायेगा।

(दिनेश सिंह)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
प्रयागराज

पृष्ठांकन पत्र संख्या C-3899 तद दिनांक
प्रतिलिपि : निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ०प्र० लखनऊ।
2. आयुक्त महोदय, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
3. जिलाधिकारी महोदय, प्रयागराज।
4. मुख्य विकास अधिकारी, महोदय, प्रयागराज।
5. जिला विकास अधिकारी, प्रयागराज।
6. समस्त उपजिलाधिकारी, प्रयागराज।
7. जिला सूचना अधिकारी प्रयागराज को इस आशय से कि जनपद प्रयागराज के विभिन्न समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
8. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, प्रयागराज।
9. समादक, दैनिक जागरण एवं अमर उजाला, प्रयागराज को अनुरोध के साथ कि उल्लिखित आंगनवाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों की विज्ञप्ति का प्रकाशन न्यूनतम क्षेत्रफल एवं न्यूनतम दर पर प्रकाशित करते हुए, बिल दो प्रतियों मे उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
10. समस्त, बाल विकास परियोजना अधिकारी/प्रभारी जनपद प्रयागराज इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त विज्ञप्ति की एक प्रति उपजिलाधिकारी कार्यालय, तहसीलदार कार्यालय, खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने के साथ ही अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराना सुनिश्चित करे।
11. कलेक्ट्रेट नोटिस बोर्ड/विकास भवन नोटिस बोर्ड/ जिला कार्यक्रम अधिकारी नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
12. गार्ड फाइल।

15/10/2024
जिला कार्यक्रम अधिकारी
प्रयागराज

Scanned with CamScanner